बिहार लोक सेवा आयोग

15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना–800001

एकीकृत 70वीं संयुक्त (प्रारम्भिक) प्रतियोगिता परीक्षा

उम्मीदवारों के लिए आवश्यक सूचना

1. उक्त परीक्षा दिनांक 13.12.2024 को राज्य के 36 जिलों के 912 परीक्षा केन्द्रों पर 12:00 बजे मध्याह्न से 02:00 बजे अपराह्न तक आयोजित की जा रही है।
2. **परीक्षा केन्द्रों में उम्मीदवारों का प्रवेश 9.30 पूर्वाह्न से प्रारम्भ होगी। परीक्षा प्रारंभ होने के एक घंटा पहले 11.00 बजे पूर्वाह्न तक ही परीक्षा कक्ष में प्रवेश की अनुमति दी जायेगी।**
3. परीक्षा केन्द्र परिसर, जहाँ परीक्षा होनी है, में मोबाईल, ब्लुटुथ, वाई–फाई गैजेट, इलेक्ट्रॉनिक पेन, पेजर, Smart Watch आदि इलेक्ट्रॉनिक सामग्री लेकर जाना एवं उपयोग वर्जित है। यदि किसी अभ्यर्थी के पास परीक्षा कक्ष के अन्दर किसी भी प्रकार के Electronic सामग्री पाये जाने पर उसे कदाचार माना जायेगा।
4. Marker/White Fluid/Blade/Eraser को परीक्षा कक्ष में ले जाना वर्जित है, इसका प्रयोग OMR Answer Sheet में करने पर 1/3 (एक तिहाई) अंक दंड स्वरूप घटाया जायेगा।
5. कदाचार में लिप्त पाये जाने/परीक्षा कक्ष में Electronic सामग्री के साथ पाये जाने पर परीक्षार्थी को इस परीक्षा सहित आगामी पाँच वर्षो के लिए एवं परीक्षा से संबंधित भ्रामक/सनसनीखेज अफवाह फैलाने की स्थिति में तीन वर्षो के लिए बिहार लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं से वंचित किया जायेगा।
6. उक्त परीक्षा में उम्मीदवारों को कदाचार में लिप्त पाये जाने पर बिहार परीक्षा संचालन अधिनियम, 1981 के तहत दंडात्मक कार्रवाई की जायेगी।
7. अभ्यर्थी किसी भी तरह के भ्रामक/सनसनीखेज अफवाह पर ध्यान न दें तथा आयोग से संबंधित सूचना आयोग के आधिकारिक वेबसाईट पर देंखे।

ह०/ 12.12.24

परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना